Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to establish a Government Degree College in Kaimur district, Bihar- laid.

श्री छेदी पासवान (**सासाराम**): विदित हो कि बिहार के कैमूर जिलान्तर्गत अधौरा प्रखण्ड का इलाका सामाजिक, आर्थिक, एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा है, जहॉ आदिवासीयों एवं कमजोर वर्ग के लोगो की बड़ी आबादी है, जो गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करते है । इस क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण उच्च शिक्षण में नामांकन का प्रतिशत काफी कम है, जिससे इस पिछड़े इलाके के छात्र/छात्राएं उच्च शिक्षा के अवसर से वंचित रह रहे हैं । इन्हे उच्च शिक्षा का अवसर सुलभ कराना राजधर्म की अपेक्षा है ।

अतः विशेष आग्रह है कि बिहार के कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड अधौरा में सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने हेतु शीघ्र शिक्षा मंत्रालय द्वारा यथोचित कारवाई करने की कृपा की जाए ।